# NEWSLETTER

GOLD : 50280
SILVER : 55290
CRUD OIL : 7072

Download Our App “SIS CONNECT” For Daily Updates. CLICK HERE

15/10/2022

## हड़ताल के चलते कॉटन फैक्ट्री में भी पड़ गए ताले




गंधवानी. कपास जिनिंग फैक्ट्रीयों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से सभी उद्योग पूर्णता बंद है। गंधवानी में हड़ताल होने से काटन फैक्ट्रियां बंद है। पल्ली व्यापारी भी किसानों से कपास नहीं खरीद रहे हैं ऐसे में किसान लोग कपास लेकर नगर में परेशान हो रहे है। क्योंकि गांव से आने वाले लोग अपनी फसल को बेचकर खरीददारी और अन्य काम करते हैं ऐसे में हड़ताल होने से यह लोग परेशान है। व्यापारी उदित माली स ने बताया कि मप्र के सीमावर्ती राज्यों क में कपास पर कम टैक्स है एमपी में टैक्स अधिक होने के कारण हमारी त अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही से है। सरकार ने हमारी मांग पर ध्यान देना चाहिए और कपास पर टैक्स कमकरना चाहिए। पूर्व मंत्री और गंधवानी विधायक उमंग सिंघार ने बिंदुवार टैक्स कमियां गिनाकर है। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे पर्व, पर मंडी की हडताल से मजदूर कम बेरोजगार, किसान परेशान हो रहे हैं।

# मंडी टैक्स को लेकर कपास व्यापारियों का आंदोलन जारी

**मंडी बंद होने से किसान हो रहे परेशान, जनप्रतिनिधियों ने भी समर्थन किया**

**कुक्षी** प्रदेश में कपास खरीदी पर मंडी शुल्क 1.50 रू को एवं अतिरिक्त शुल्क 20 पैसे हटाकर 50 पैसे की जाने की मांग को लेकर 11 अक्टूबर से प्रदेश भर के कपास व्यापारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए । कृषि उपज मंडी में कपास की खरीदी बंद कर दी जिससे संपूर्ण कपास उत्पाद क्षेत्रों की मंडियों में किसानों को अपनी कृषि उपज कपास लेकर भटकना पड़ रहा है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर वर्तमान अनिश्चितकालीन हड़ताल किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। व्यापारियों द्वारा पूर्व में भी प्रदेश सरकार को इस बात के लिए आगह किया गया था की सीमावर्ती प्रदेश महाराष्ट्र में वहा की सरकार द्वारा उक्त टेक्स 50 पैसा टेक्स लिया जाता है। जिससे मध्यप्रदेश में कई कपास उद्योग का बंद हो जाना या प्रादेशिक उद्योग का पलायन होना लगातार जारी रहा। इन सब परिस्तिथियों से त्रस्त व्यापारियों ने

## अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है।

## आंदोलन का सहारा लिया जिसकी शुरूआत 11 अक्टूबर से

मौसम और अतिवृष्टि से त्रस्त किसानों की जो खरीफ फसल बची है उसके विक्रय में भी किसानों को दर दर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय मंडियों में हो रही व्यापारियों की हड़ताल का सबसे बुरा असर किसानों पर देखा जा रहा है। आगामी त्योहारों के चलते एवम रवि की फसलों की तैयारी में आवश्यक खरीदी हेतु किसानों को खरीफ की फसलों को विक्रय करने में आ रही दिक्कत नजर आने लगी है।

जनप्रतिनिधियों ने भी लिखे मुख्यमंत्री को पत्र मंडी शुल्के में असमानता को देख क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी कपास व्यापारियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिख कर मंडी शुल्क

को 1रू 70 पैसे से कम कर 50 पैसे करने का अनुरोध किया है। जनप्रतिनिधियों में लिखा की प्रदेश के कपास व्यापारियों की मंडी शुल्क कम किए जाने की मांग जायज है। सीमावर्ती प्रदेशों में कम टेक्स होने से प्रदेश के कपास उद्योग पर बुरा असर हो रहा है।मंडी टेक्स की असमानता के कारण कई कपास उद्योग बंद हो चुके है एवम कई बंद होने की कगार पर है। इस आशय में खरगोन बड़वानी संसद गजेद्र

सिंह पटेल, गंधवानी विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री उमंग सिंगर, कुक्षी विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल, मनावर विधायक, जयस के राष्ट्रिय संरक्षक डा हीरालाल अलावा अलीराजपुर विधायक मुकेश पटेल (रावत) आदि ने मुख्य मंत्री को पत्र लिखकर मंडी शुल्क की असमानता को ध्यान रखते हुए व्यापारियों को राहत देते हुए मंडी शुल्क 50 पैसा करने की बात कही।

## ...इधर, धूप खिली, मौसम साफ होने से मिली राहत

पिछले 2 दिनों से मौसम साफ होने से जहां किसानों ने राहत ली है वही व्यापारी वर्ग भी अपने व्यापार को लेकर उत्साहित है। धूप खिली होने व मौसम अनुकूल होने से फसलों की स्थिति सुधरेगी। किसान हरिराम कोटवाल व मोहन मुकाती ने बताया पिछले दिनों की लगातार बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। कपास, सोयाबीन की गुणवत्ता व उत्पादन प्रभावित हुआ। मौसम साफ होने से फसल को राहत मिलेगी। व्यापारियों ने बताया मौसम अनुकूल होने से अब व्यापार बेहतर हो सकेगा। नरेंद्र सिन्हा व महेंद्र कौशल ने बताया व्यापार की स्थिति सुधर सकती है।

# NEWSLETTER

NORTH :
CENTRAL :
SOUTH :
(WEATHER REPORT)

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

15/10/2022







## जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा अक्टूबर महीने का दूसरा हफ्ता

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 15.10.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 07.10.22 | 14.10.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 84.23 | 83.15 | -1.08 |
| MARCH | 82.66 | 81.99 | -0.67 |
| MAY | 81.51 | 81.08 | -0.43 |
| **MCX (BALES)** | | | |
| OCT | 33350 | 32600 | -750 |
| NOV | 29990 | 29790 | -200 |
| DEC | 29260 | 29340 | 80 |
| **NCDEX (KAPAS)** | | | |
| APRIL | 1629 | 1598 | -31 |
| **NCDEX ( COCUD KHAL)** | | | |
| DEC | 2423 | 2377 | -46 |
| JAN | 2440 | 2383 | -57 |
| **CURRENCY ($)** | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.32 | 82.35 | 0.03 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 222.98 | 218.19 | -4.79 |
| CNY (Chinese yuan) | 7.11598 | 7.19056 | 0.07458 |
| BRAZIL (Real) | 5.20558 | 5.32405 | 0.11847 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.56753 | 1.61372 | 0.04619 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.65009 | 4.70199 | 0.0519 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 101.3 | 102.6 | 1.3 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 100.86 | 97.81 | -3.05 |
| USDA SPOT RATE | 85.09 | 84.01 | -1.08 |
| MCX SPOT RATE | 33870 | 33280 | -590 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 19000 | 18300 | -700 |

इस हफ्ते इंटरनेशनल और नेशनल सभी एक्सचेंज मार्केट में कॉटन के भाव में कमी आई है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज पर दिसंबर, मार्च और मई तीनों ही महीनों के कॉटन भाव में साप्ताहिक अंतर में 1 सेण्ट की कमी आई है। एमसीएक्स पर कॉटन बेल्स के भाव घट रहे है। अक्टूबर महीने के सौदों के लिए साप्ताहिक अंतर में 750 की कमी आई है जबकि नवंबर माह के लिए यह अंतर 200 रूपए कम का रहा है।

एनसीडीएक्स पर भी कपास के भाव का सप्ताह अंतर में 31 रूपए तक घटे है। इंटरनेशनल मार्केट में कॉटलुक ए इंडेक्स में 1.3 की तेजी आयी, वही पाकिस्तान, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, एम सी एक्स स्पॉट रेट, यूएसडीए स्पॉट रेट के भाव में कमी आई है।

करंसी में इस माह डॉलर ने अब तक भारतीय रूपये के मुकाबले 0.03, चाइनीज युआन में 0.0745, ऑस्ट्रेलियन डॉलर में 0.1184 , और मलेशियन रिंगित में 0.051 की बढ़त हासिल की।

## जानिए टेक्सटाइल निवेषकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

### 10 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

इस सप्ताह शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव का माहौल रहा। टेक्सटाइल निवेषकों के लिए भी यह सप्ताह मिला-जुला ही रहा। कई कंपनीज के शेयर्स के प्राइज इस सप्ताह गिरे जिसके चलते मार्केट केप भी निगेटिव रहा जबकि वर्धमान टेक्सटाइल, रेमंड और अक्षिता कॉटन लिमिटेड जैसी कुछ कंपनीज पॉजीटिव मार्केट केप के साथ मार्केट लीडर बनकर उभरी। जानिए बीएससी मंच पर कैसी रही इस सप्ताह की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 344.35 | 358.95 | 330.95 | 4.02% |
| अरविंद लिमिटेड | 96.25 | 98.85 | 94.4 | -2.63% |
| वेलसपन इंडिया | 76.3 | 79.15 | 75 | -2.30% |
| नितिन स्पिनर्स | 209.45 | 217.5 | 207.2 | -2.60% |
| रेमण्ड | 1156.55 | 1287.45 | 1085.3 | 0.48% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 351.6 | 397.55 | 340 | 3.38% |